दिनांकः 17.10.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज चंडीगढ़ में **एनडीए** के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे।
- राजस्थान और जर्मनी की परिवहन क्षेत्र की बड़ी कम्पनी फ्लिक्स के बीच राज्य में बसों के परिचालन को लेकर एमओयू हुआ।
- देश में निर्यात में बढ़ोतरी–अप्रैल से सितम्बर महीने के बीच ये चार दशमलव आठ छह प्रतिशत बढ़ा।
- आरपीएससी ने कृषि विभाग में 241 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया।

.....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज चंडीगढ़ में **राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए** के मुख्यमंत्रियों और उप–मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल होंगे। सम्मेलन में राष्ट्रीय विकास के मुद्दों पर विचार–विमर्श किया जाएगा। इस अवसर पर **संविधान का अमृत महोत्सव** के आयोजन पर भी चर्चा होगी।

.....................

भारतीय जनता पार्टी के नेता नायब सिंह सैनी आज दूसरी बार हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। हरियाणा के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय श्री सैनी और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों को शपथ दिलाएंगे। पंचकुला में होने वाले समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मौजूद रहेंगे।

.....................

प्रधानमंत्री आज नई दिल्ली में अभिधम्म दिवस और पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देने के समारोह में भी शामिल हाने का कार्यक्रम है। संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ ये दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री अभिधम्म दिवस के महत्व और बौद्ध धर्म की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षण और प्रोत्साहन देने के सरकार के प्रयासों पर अपने विचार साझा करेंगे। केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत भी समारोह को संबोधित करेंगे।

.....................

राजस्थान और जर्मनी की परिवहन क्षेत्र की बड़ी कम्पनी फ्लिक्स के बीच राज्य में बसों के परिचालन को लेकर एक एमओयू हस्ताक्षर किया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में म्यूनिख में ये समझौता किया गया। श्री शर्मा ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य राज्य में परिवहन सेवाओं में सुधार करना और ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी बढ़ाना है। मुख्यमंत्री ने जर्मनी में आयोजित राइजिंग राजस्थान पर्यटन सम्मेलन में हिस्सा लिया। उन्होंने लक्जरी रिसोर्ट्स, वेलनेस, ईको फ्रेंडली और साहसिक ट्रिज्म के क्षेत्र में निवेशकों को आमंत्रित किया है। श्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान के पर्यटन क्षेत्र में नए द्वार खोले जा रहे हैं।

इस बैठक के साथ ही राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत जर्मन निवेशकों से सीधे आउटरीच का दौर कल समाप्त हो गया। इसके बाद मुख्यमंत्री की अगवाई वाला उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल लंदन के लिए रवाना हुआ। लंदन प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री वहां की बड़ी कम्पनियों, कारोबारियों और प्रवासी राजस्थानी समुदाय से मुलाकात करेंगे।

इधर, राइजिंग राजस्थान समिट के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में इन्वेस्टर मीट आयोजित किये जा रहे हैं। इसके तहत अब तक तीन सौ इकाईयों के साथ 37 हजार करोड़ रुपये के एमओयू किये गये हैं। आठ नवम्बर को जयपुर में होने वाली जिला स्तरीय प्री समिट से पहले जिले में एक हजार करोड़ रुपये के निवेश पर करार किया गया है। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट कुंतल बिश्नोई ने बताया कि गारमेंट एक्सपोर्टर्स और कारोबारियों ने इन निवेश करारों पर हस्ताक्षर किये हैं। ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

.....................

उधर, बालोतरा के नाकोड़ा में आज राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट का जिला स्तरीय आयोजन किया जा रहा है। इसमें कृषि और टेक्सटाइल सहित विभिन्न क्षेत्र के उद्यमियों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किये जाएंगे।

.....................

देश में निर्यात में बढोतरी दर्ज हुई है। अप्रैल से सितम्बर महीने के बीच ये चार दशमलव आठ छह प्रतिशत बढा है। वाणिज्यि और उद्योग मंत्रालय के अनुसार पिछले साल इसी अवधि में 375 अरब डॉलर का निर्यात हुआ था जो इस वर्ष बढकर 393 अरब 22 करोड डॉलर तक पहुंच गया है। सेवाओं के निर्यात में इसी अवधि में 9 दशमलव आठ एक प्रतिशत की वृद्धि हुई। अकेले सितंबर माह में वस्तु और सेवाओं सहित कुल निर्यात 65 अरब 19 करोड डॉलर का हुआ, जिसमें 3 दशमलव सात छह प्रतिशत की वढत हुई है। भारतीय निर्यात संगठन परिसंघ के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने कहा कि भौगोलिक तनावों और आर्थिक चुनौतियों के बावजूद निर्यात में बढोतरी आर्थिक बहाली की दिशा में रचनात्मतक संकेत है।

.....................

सुप्रीम कोर्ट में न्याय की देवी की नई मूर्ति लगाई गई है। इस मूर्ति की आंखों से पट्‌टी हटा दी गई है। वहीं हाथ में तलवार के स्थान पर संविधान की किताब दी गई है। सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ के निर्देश पर न्याय की देवी का नया स्वरूप सामने आया है।

.....................

राजस्थान लोक सेवा आयोग–आरपीएससी ने कृषि विभाग में 14 विभिन्न पदनाम के कुल 241 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया है। इन पदों के लिए 21 अक्टूबर से 19 नवम्बर तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। आयोग सचिव ने बताया कि इनमें सहायक कृषि अनुसंधान अधिकारी, सहायक कृषि अधिकारी और लिपिक के पद शामिल हैं।

.....................

वाल्मीकि जयंती आज देशभर में मनाई जा रही है। इसे रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मींक के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। महर्षि वाल्मीकि आदि कवि और संस्कृत भाषा के प्रथम कवि के रूप में भी सम्मानित हैं। वाल्मीकि सम्प्रदाय के सदस्य उन्हें ईश्वर का संदेशवाहक मानते हैं और उनके प्रकट दिवस को श्रद्धापूर्वक मनाते हैं। इस अवसर पर शोभा यात्राओं का आयोजन किया जाता है। इधर, प्रदेश में भी वाल्मीकि जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम रखे गए हैं। हनुमानगढ जिले में वाल्मीकि मंदिरों में कई धार्मिक आयोजन हो रहे हैं।

.....................

राज्य में आगामी दिनों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इसके साथ ही रात के तापमान में मामूली गिरावट आ सकती है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि मौसम के बदलाव के कारण सुबह और देर शाम हल्की ठंड का असर देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस इस महीने के आखिरी सप्ताह तक सर्दियां शुरू हो जाएंगी।

.....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 अक्टूबर को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 25 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

.....................